तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 अप्रैल 2024

11 मंडल आयुक्त ने फसल खरीद का जायजा लिया


12 सुभाष नंबरदार बने चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान


Farm House
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज

- जाट सभा की ओर से 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जाट भवन लाइब्रेरी हॉल में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी स्वयं प्रमाणित करवाने के लिए लगाए जाएंगे वार्डों में कैंप।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के स्थापना दिवस पर मिठाइयां बांटी



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर प्रवीन सहगल महासंपर्क अभियान प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक व भूजल प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक नरेंद्र खट्टर ने नव मतदाताओं व बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने पार्टी का स्थापना दिवस बूथ नंबर 45 सुभाष नगर में मनाया। इस मौके पर कैप्टन जगमाल सिंह, राजेश मलिक, शैलेंद्र शर्मा, प्रदीप सहगल, विजय तेवतिया आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 152 मरीजों को जांचा

**रोहतक।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को हुडा काम्प्लेक्स में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 152 मरीजों की जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के पुत्र हिमांशु ग्रोवर की ओर से किया गया।

### मेडल जीतने पर कलाकार का स्वागत

**सांपला।** गांव दतोड के भजन गायक सागर कौशिक द्वारा पंजाब के लुधियाना में हुए यूथ फेस्टिवल में मेडल जीतने पर रविवार को ग्रामीणों ने उसका फूलमालाओं व नोटों से स्वागत किया। लुधियाना में 37वां यूथ फेस्टिवल था।

### डूज एंड डोंट्स का कड़ाई से करें अनुपालन

रोहतक। उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# अवनीश बने सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान और बुधराम सैनी उपप्रधान

**उगता सूरज पैनल ने एक बार फिर बाजी मारी**

**सुबह 10 बजे से 3 बजे तक हुई प्रधानी के लिए वोटिंग**

- प्रधानी के लिए अवनीश सैनी को 58 वोट मिले जबकि जय प्रकाश सैनी को 33 और प्रवीन कुमार सैनी को 8 वोट से संतोष करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक


सैनी एजुकेशन सोसायटी के चुनाव में उगता सूरज पैनल ने एक बार फिर से बाजी मार ली है। प्रधान पद पर अवनीश कुमार सैनी ने विजय हासिल की है। उन्होंने जय प्रकाश सैनी और पूर्ण सिंह को मात दी। अवनीश सैनी को 58 वोट मिले जबकि जय प्रकाश सैनी को 33 और प्रवीन कुमार सैनी को 8 वोट से संतोष करना पड़ा। वहीं उप प्रधान बुधराम सैनी, सेक्रेटी जगदीश कुमार सैनी, ज्वाइंट सेक्रेटी रविंद्र कुमार और कैशियर पद के चुनाव में नफे सिंह सैनी के सर जीत का ताज सजा। चुनाव में पूर्व प्रधान धर्म सिंह दहिया का पैनल विजयी रहा।

### गवर्निंग बॉडी नियुक्त

सोसायटी के छह एग्जीक्यूटिव मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी भी नियुक्त किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 16 वोट दीपक सैनी और बलवंत सैनी को मिले। मुकेश कुमार व रितु राज को 15 वोट, राजपाल सैनी 13 वोट और 12 वोट लेकर आजाद सिंह सैनी ने अपनी जीत का परचम लहराया।



**रोहतक।** प्रधान अवनीश कुमार सैनी चुनाव जीतने के बाद पुराने प्रधानों के साथ खुशी मनाते हुए।





**रोहतक।** चुनाव जीतने के बाद खुशी मनाते हुए प्रधान अवनीश कुमार सैनी व अन्य सदस्य।

### प्रत्याशी वोट मिले

| | | |
|---|---|---|
| अवनीश सैनी | (प्रधान) | 58 |
| बुधराम सैनी | (उप प्रधान) | 59 |
| जगदीश सैनी | (सचिव) | 58 |
| रविंद्र सैनी | (सह सचिव) | 58 |
| नफेसिंह आर्य सैनी | (कैशियर) | 57 |

### कार्यकारिणी सदस्य

- आजाद सिंह सैनी
- राजपाल सैनी जींद
- बलवंत सैनी
- ऋतुराज सैनी
- दीपक सैनी
- मुकेश कुमार

### ढोल नगाड़ों की थाप पर मनाई जीत की खुशी

जैसे ही परिणाम घोषित हुए प्रधान, उपप्रधान, सेक्रेट्री, ज्वाइंट सेक्रेट्री, कैशियर सभी पदों पर उगता सूरज खिल गया। इस पैनल के सभी उम्मीदवार विजयी रहे। जीत के साथ ही ढोल नगाड़ों की थाप पर खुशी मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। उगता सूरज पैनल ने विजयी जूलूस निकाला। एक दूसरे को रंग लगाकर जीत की जश्न भी मनाया।

### मुकेश बागड़ी बने गवर्निंग बॉडी मेम्बर

सैनी एजुकेशन सोसायटी के गवर्निंग बॉडी के चुनाव में पूर्व प्रधान विजय सैनी पैनल के मुकेश बागडी ने सदस्य के पद पर शानदार जीत हासिल की है। चुनाव जीतने पर विजय सैनी व उनकी टीम के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर मुकेश का स्वागत किया। मुकेश ने अपनी जीत का श्रेय पूर्व प्रधान विजय सैनी को दिया है। विजय सैनी ने मुकेश को गवर्निंग बॉडी का सदस्य चुनने पर सभी कॉलेजियम सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मुकेश पिछले तीन चुनावों से लगातार सैनी सोसायटी के कॉलेजियम मेम्बर निर्वाचित होते आये हैं और वह सामाजिक संस्था रेडी-टू-हेल्प (आरटीएच) के वालंटियर्स भी हैं। इस मौके पर रामेश्वर सैनी, सतबीर कोच, धीरज सैनी, जोगेंद्र आर्य, प्रवीण तोंदवाल, संदीप खत्री, नवीन गिरणु, कामरेड शमशेर, ओम प्रकाश पहलवान, रजनीश कुहाड, सौरव आदि मौजूद रहे।

### सुबह 9 बजे शुरू हुई वोटिंग



सैनी एजुकेशन सोसायटी के इन पदों के लिए सुबह 9 बजे वोटिंग शुरू हो गई जो दोपहर 3 बजे तक चली। इसके बाद शाम छह बजे तक चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया। जीतने वाले कैंडिटेट को सर्टिफिकेट भी दिए गए। चुनाव एडमिनिस्ट्रेर मुकुंद तवर, खेम चंद सैनी रिटर्निंग ऑफिसर, आब्जरवर विजय सिंह, एआरओ शिव कुमार सैनी, एआरओ राम प्रकाश सैनी, एआरओ सुभाष दहिया, एआरओ जगदीश, एआरओ सतबीर शास्त्री, डॉ. आरके सैनी प्रिंसिपल सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रिंसिपल भीम सिंह पवार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. सरिता यादव, प्राचार्य संगीता अरोड़ा आदि की देख रेख में संपन्न हुआ।



**रोहतक।** चुनाव जीतने के बाद पूर्व प्रधान विजय सैनी के साथ मुकेश बागड़ी।



**रोहतक।** कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवाओं का तर्कसंगत उपयोग करें: प्रो. राजबीर सिंह

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के संयुक्त तत्वावधान में- चैलेंजस एंड अपॉर्च्यूनिटीज इन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। समापन सत्र में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए सफलता पाने के लिए ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने फार्मेसी विभाग से बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवाओं के तर्कसंगत उपयोग और पोषण संबंधित आवश्यकताओं के बारे में समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अल्केम लैबोरेट्रीज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अरुण पांडे ने समापन सत्र में विशेष व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डीन, फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय प्रो. हरीश दूरेजा ने कार्यशाला में आयोजित की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

**रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार की दो टूक**

## लोस चुनाव के दौरान अवैध रूप से नहीं होने दी जाएगी शराब की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध वेंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए

उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अजय कुमार ने कहा है कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए लोकसभा क्षेत्र में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध वेंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। चुनाव के दौरान जिस भी अधिकारी की जो भी ड्यूटी लगाई गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करें।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव तैयारियों पर किया मंथन**

## कांग्रेस का कोई लीडर हार के भय से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं : मनोहर लाल

- बड़े अंतर से प्रदेश की दस की दस लोकसभा सीटें जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि कांग्रेस का तो नेतृत्व ही भ्रष्टाचारी है और अब कांग्रेस में हार के डर से कोई भी नेता चुनावी मैदान में उतरने को तैयार नहीं है। पूर्व सीएम मनोहर लाल रविवार को रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर भी मौजूद रहे। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा की लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पार्टी ने चुनावी अभियान भी चलाया हुआ है। लोकसभा और विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ताओं से लेकर पन्ना प्रमुखों तक की बैठकें भी संपन्न हो चुकी है। प्रदेश में चल रही जनसभाओं पर बोलते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि 40 जनसभाओं की तिथियां तय हो चुकी है और बाकी बची विधानसभाओं की तिथियां भी जल्द ही तय हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि 12 या 13 अप्रैल तक जनसभाएं अभी और होंगी। 25 अप्रैल के बाद जनसभाओं का दौर फिर से शुरू हो होगा। उपार्टी प्रत्याशियों के नामांकन होने तक सभी विधानसभाओं में जनसभाएं होंगी। बड़े अंतर से सभी 10 सीटें जीतेंगे।

**कार्यक्रम** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पीजीआईएमएस के निदेशक ने जागरूकता रैली में लिया भाग

# अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति : डॉ. लोहचब

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक





जागरूक रैली में भाग लेते हुए पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसएस लोहचब ।

एक तरफ रविवार को जहां पूरे विश्व में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया वहीं पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में भी चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी से लेकर मेडिकल मोड़ तक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूक रैली में मुख्य अतिथि के तौर पर निदेशक डॉ एसएस लोहचब उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर एस एस लोहचब ने कहा कि प्रति वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिवस पूरी दुनिया में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो पिछले 20 सालों में खराब जीवन शैली ने उम्र घटा दी है। अब 25-30 साल के युवा भी तेजी से गंभीर रोगों के शिकार हो रहे हैं। यह आंकड़ा पहले 40 साल के ऊपर हुआ करता था।

डॉ लोहचब ने बताया कि खराब होती जीवनशैली 90 फीसदी रोगों का कारण बन रही है। खाने-पीने की खराब आदत, तनाव, धूम्रपान, नशा व दूसरे कारण शरीर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित दूसरे रोग दे रहे हैं। इनके कारण दिल, दिमाग, लिवर, किडनी सहित दूसरे अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नियोनेटोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ जगजीत दलाल ने बताया कि यह दिवस लोगों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताने, उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### आधुनिक जीवनशैली से बढ़ रही बीमारी

जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर वरुण अरोड़ा ने बताया कि आज के युवाओं की आधुनिक जीवनशैली, मोबाइल का अधिक उपयोग और काम का तनाव बीमारी दे रहा है। आलम तो ये है कि खाना खाते वक्त भी मोबाइल का प्रयोग किया जा रहा है। शारीरिक व्यायाम और योग भी दूर हो चुका है। ऐसे में तमाम बीमारियां घेर रही हैं। ऐसे में हमें खुद को सुधारना होगा और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि खेलकूद और आउटडोर पर ध्यान दें। जागने और सोने का समय तय करें व परिवार के साथ समय बिताएं। आचार्य शकुंतला देवी ने बताया नींद न आने का नकारात्मक असर दिमाग पर भी पड़ता है। त्वचा की चमक कम होती है। आंखों के नीचे काले घेरे, रूखी त्वचा और चेहरे पर महीन रेखाएं हो सकती हैं। उनमें चिड़चिड़ापन भी बढ़ता है। इस अवसर पर आचार्य शकुंतला देवी, शीला, सुशीला आरडीए के सदस्य, एमबीबीएस ,नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थीं।

# मदवि के खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार: वीसी


हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने का आदेश जारी किया है। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल विजेता को 31000 रुपये, सिल्वर मेडल विजेता को 25000 और कांस्य पदक विजेता को 21000 रुपए और इसके साथ ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी को 11000, सिल्वर मेडल विजेता को 8000 और कांस्य पदक विजेता को 5000 रुपए की धन राशि दी जाएगी। इसके अलावा नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल विजेता को 8000 रुपये, सिल्वर मेडल विजेता को 6,000 और कांस्य पदक विजेता को 4000 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। ये पुरस्कार वर्ष 2023 -2024 के खिलाड़ियों को दिए जायेंगे। वर्ष 2022- 2023 के इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को 21000, 18000 और 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल विजता खिलाड़ियों को दिए जाएंगे।

*जो मनुष्य परमात्मा का ज्ञान प्राप्त कर लेता है, वह परमात्मा का ही स्वरूप बन जाता है और इस तरह सिद्ध है कि गुरु के आसन पर मनुष्य नहीं किन्तु परमात्मा स्वयं आसीन रहते हैं।*

**-सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'**



*मैं जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह सामाजिक विषमता जनमानस में गहरी पैठ बनाए हुए है।*



# तेरी औकात मेरी औकात

**कहानी** | **डॉ. रमेशचंद्र**

उन दिनों मैं काम की तलाश में भटक रहा था। मुझे कोई काम नहीं मिल रहा था। हार कर मैंने यह तय कर लिया कि मुझे छोटा मोटा जो भी काम मिल जाएगा, मैं कर लूंगा। भूखों मरने से तो अच्छा है कि कुछ कमाकर भूख मिटाऊं। मैं पढ़ा लिखा नौज़वान था, लेकिन दलित समाज का होने के कारण हर जगह से दुत्कार दिया जाता था। इस कारण ढंग का कहीं भी काम नहीं पाता था। आखिर मुझे एक भले आदमी ने काम दिया। वह काम था मज़दूरी करने का। उसके मकान का काम चल रहा था, इसलिए उसने मिस्त्री के कहने पर काम पर रख लिया। मैं मिस्त्री के अधीन काम करने लगा। उसके कहने पर ईंट तगारी में भर कर लाता और मिस्त्री को दे देता। मिस्त्री उससे दीवार बनाता। कभी कभी सीमेंट और रेती मिला कर ईंट जोड़ने का मसाला भी बनाता। मुझसे जो भी करने को कहा जाता कर देता। मेरा यह काम कुछ दिनों तक चलता रहा।



धीरे-धीरे मैं मिस्त्री का हेल्पर बन गया। फिर जब उस व्यक्ति का मकान बन गया तो मिस्त्री का काम खत्म हो गया और साथ में मेरा भी। मिस्त्री ने मुझे आश्वस्त किया कि कहीं भी उसे काम मिलेगा तो वह उसे बुला लेगा और अपने साथ काम पर रख लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे तो काम करना था कोई भी काम, इसलिए मैं किसी का सामान उठा कर रेलवे स्टेशन ले आता तो किसी का ठेला चलाकर मज़दूरी करता। इस तरह थोड़ा कमाकर अपना पेट भर लेता था, लेकिन इस तरह की छुट्टी मज़दूरी करके अपना पेट अधिक समय तक तो भर नहीं सकता था। मुझे किसी स्थायी काम की तलाश थी।

आखिर खोजबीन करने पर एक आफिस में मुझे झाड़ू लगाने का काम मिल गया तो वही करने लगा। थोड़े दिन तक वह काम करता रहा फिर उस भले आदमी ने अपने घर के काम के लिए रख लिया। उसका बाज़ार से सामान लाना, आटा पिसा कर चक्की से लाना, फिर उसके बच्चे को स्कूल छोड़ने और लाने का काम करता, लेकिन पैसा उतना ही मिलता, जितना कि एक नौकर को या मज़दूर को मिलता है। काम पर रखने वाले भी पहले मेरी जाति और धर्म पूछते तभी काम पर रखते। जैसै ही मेरी जाति का पूछते मैं अपनी दलित जाति बता देता तो वे तुरंत मुझे अपने काम से हटा देते। इस तरह कितनी ही जगह से मुझे निकाल दिया गया।

आखिर बहुत भटकने के बाद एक साहब ने मुझे अपने यहां रख लिया। उनके घर के काम करता और बच्चों को स्कूल ले जाता और स्कूल से घर ले आता था। वे कलेक्टर कार्यालय में काम करते थे। एक दिन मुझसे कोई गलती हो गई तो वे साहब मुझ पर बिगड़ पड़े। अनाप शनाप बुरा भला कहने लगे। यहां तक कि उन्होंने मुझे दलित कह कर मेरा घोर अपमान किया। उनके शब्द थे- 'तेरी औकात.ही क्या है, जो हमसे आंख मिला कर बातें कर सके।'

बात आई गई हो गई। समय बदला और मैं अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान देने लगा। मेहनत मज़दूरी करता और रात में पढ़ाई। एक मेहरबान व्यक्ति ने मुझे मार्गदर्शन दिया और मैं ग्रेजुएट हो गया, फिर पोस्ट ग्रेजुएट हो गया। फिर उन्हीं मेहरबान व्यक्ति ने मुझे पीएससी परीक्षा में बैठने और बड़ा अफसर बनने की प्रेरणा दी। मैं प्राणपण से उसमें जुट गया। पीएससी की परीक्षा के साथ साथ मैं यूपीएससी की परीक्षा में बैठा। मेरा चयन हो गया तो उन सज्जन ने मुझे शाबाशी दी और हौसला बढ़ाया। यद्यपि वे उच्च जाति के थे, किंतु उन्होंने कभी मुझे दलित नहीं समझा। उन्होंने अपने सद्व्यवहार से मुझे हर तरह से सहयोग और प्रोत्साहन दिया। बाद में मुझे आईएएस के लिए चयनित कर लिया गया। कलेक्टर के पद पर सिलेक्ट करने के बाद मुझे ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया। अच्छे और बुरे दिन जीवन में आते रहते हैं। मेरे बुरे और अभावों के दिन बीत चुके थे। अब मैं कलेक्टर होकर उसी जिले में पदस्थ हो गया। जहां मैं बहुत पहले एक साहब के यहां काम करता था। मैं यह बात अभी तक भूला नहीं था कि कभी उन्होंने मुझे मेरे दलित होने पर हंसी उड़ाई थी और मेरा अपमान किया था। जिस दिन मुझे कलेक्टर के पद पर ज्वाइन होना था। मैंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बुलाकर उन सभी का परिचय पूछा। उनमें वह व्यक्ति भी था। वह व्यक्ति मेरे सामने हाथ बांध कर खड़ा था। उसने मुझे देखा तो उसके चेहरे पर विस्मय के भाव थे। सबके साथ उसने भी अपना परिचय दिया था। वह मन ही मन घबरा भी रहा था कि साहब अब पता नहीं उसके साथ क्या करेंगे। अनिष्ट की आशंका से वह डर भी रहा था ऐसा मैंने महसूस किया था। मैं सबको देखने और परिचय लेने के बाद उनको जाने दिया और अपने काम में जुट गया। दूसरे दिन वह व्यक्ति मेरे चैम्बर में आया। प्यून ने मुझे भीतर आकर बोला 'सर, आपसे मिलने के लिए शर्मा बाबूजी आना चाहते हैं!'

मैंने उसकी ओर देख कर पूछा 'कौन शर्मा बाबू..!' तब उसने शर्मा बाबू के बारे में बताया। मैं समझ गया कि यह वही शर्मा बाबू होगा, जिसके यहां मैं नौकर था। मैंने प्यून से कहा 'भेज दो उसको..!'

शर्मा बाबू आया और सीधा मेरे पैरों में झुक गया। मैंने उसे देखा यह वही व्यक्ति था। उसे उठाते हुए मैंने कहा- 'अरे, ये क्या कर रहे हो।'

वह बोला 'सर मुझे क्षमा कर दीजिए। मैंने अपने घमंड में आकर आपको उस समय भला बुरा कह कर अपमानित किया था। मुझे इस बात का बहुत पछतावा हो रहा है। मुझे अब ऐहसास हो गया कि औकात क्या होती है। मुझे क्षमा कर दीजिए सर..!' कह कर वह गिड़गिड़ाने लगा।

मेरे मन में उसके प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने उसे समझाते हुए कहा- 'देखो, उस समय तुमने जो कहा था वह उस समय की बात थी। अब उस बात को भूल जाओ। अपने मन में पछतावे का भाव भूल कर अपने काम पर ध्यान दो। मुझे तुमसे कोई शिकायत नहीं है।'

यह सुन कर शर्मा बाबू के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। वह बोला - 'सर आपने मुझे क्षमा कर दिया। सचमुच आप ग्रेट हैं।'

मैं केवल मुस्कुरा भर दिया। जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान भी नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह इस सामाजिक विषमता भारतीय जनमानस में बहुत गहरी पैठ बनाए हुए हैं। इसके समाप्त होने में अभी काफी समय लगेगा।

शर्मा बाबू मेरे चैम्बर से चला गया, लेकिन एक प्रश्नचिह्न छोड़ गया कि आदमी की औकात क्या होती है। मैं सोचने लगा यदि उसने उस समय मुझे मेरी औकात नहीं बताई होती तो आज मैं उसको अपनी औकात कैसे बताता..!

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

**लघुकथा** | **प्रिया देवांगन 'प्रियू'**



## अधूरी ख्वाहिश

मम्मी....मम्मी..... सुनिए न! क्या हुआ मेरी गुड़िया? प्रातःकाल से इतना शोर क्यों मचा रही हो? मिन्नी स्वरबद्ध होकर बोली और आकर पीछे से लिपट गई। अच्छा बताओ क्या बात है? मिन्नी बोली– 'मम्मी मेरे दिमाग में बहुत अच्छा आइडिया आया है, आज के लिए।' ओह! ऐसा आज कुछ खास दिन है क्या? मिन्नी अपनी आँखें बड़ी–बड़ी कर हैरान नज़रों से मम्मी को देखने लगी; तभी किचन में पापा जी भी आ गए और दोनों से पूछने लगे- 'क्या बात है? माँ–बेटी में क्या खुसुर–फुसुर हो रही है भई....!' पापा जी थोड़ा मजाकिया अंदाज में बोले। नहीं... नहीं...ऐसी कोई बात नहीं है पापाजी कह कर मिन्नी किचन से चली गई। पापा जी के ऑफिस जाने के बाद मिन्नी बोली 'क्या मम्मी आप भी न..!' ऐसा बोलते ही शांत बैठ गई। ओहहो! ठीक है बाबा बताओ 'क्या–क्या करना है?' मिन्नी ने अपनी मम्मी को पूरी योजना बताई। मम्मी बहुत खुश हुई और बोली एक बिटिया ही तो होती है, अपने पापा के जीवन में हर छोटा–बड़ा सपना को साकार करने में लगी रहती है और बिल्कुल माँ जैसा ख्याल भी रखती है, भाव–विभोर हो मम्मी की आँखें भर आईं। शाम होते ही पापा जी ऑफिस से घर लौटे, थोड़ी देर बाद मिन्नी पापा जी से बोली- 'पापा जी चलिए न मेरे कमरे में!' क्यों? पापा जी बोले। ऐसे ही....कुछ दिखाना है आपको। अच्छा चलो; मम्मी पापा और मिन्नी तीनों कमरे में गए। कमरे में अंधेरा था। 'बिटिया लाइट तो जलाओ।' 'धैर्य रखिए बाबा....। इतनी भी क्या जल्दी है!' मिन्नी पापा की लाडली जो थी। 'ओके बिटिया...।' लाइट जलाते ही पापा जी विस्मित भाव से देखने लगे। सहसा फूलों की वर्षा होने लगी, छोटे–छोटे लाइट जुगनुओं की तरह चमकने लगे, नीचे धरती पर मखमली घास बिछी थी, कोयल के सुमधुर आवाज की तरह धीमे स्वर में गाना चल रहा था, एक प्यार का नगमा है..! टी–टेबल में बहुत सारी मिठाइयाँ, फल–फूल, केक वगैरह.... वगैरह..? केक कट करते ही मिन्नी पापा जी को एक गिफ्ट पैकिंग आहिस्ता से खोलने के लिए बोली। पापा जी भी मुस्कुराते हुए आहिस्ता–आहिस्ता खोलने लगे। खोलते ही उनकी आँखें नम हो गईं और मिन्नी को गले से लगा लिया। पिता, बेटी को प्यार भरी नज़रों से देखने लगे। उन्होंने देखा पापा की एक फेवरेट लैपटॉप उनके सामने रखी हुई है। जिसकी पापा जी को बरसों से अभिलाषा थी। बेटा ये लैपटॉप!! 'ना...ना...पापा जी कुछ न कहिए ये आपके बहुत काम की है, आप दिन–रात, जाग–जाग कर मोबाइल में ही अपनी कविताएं टाइप करते रहते हैं। सो..... मैंने और मम्मी ने सोचा क्यों न पापा जी को सरप्राइज दे दें।' पापा जी बोले 'आज मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई की पापा की ख्वाहिश पूरी कर रही है!' मिन्नी बोली हैप्पी बर्थडे पापा, हैप्पी बर्थ डे माई डियर पापा जी...! तभी कानों में मम्मी की आवाज सुनाई देने लगी। मिन्नी अरी ओ गुड़िया, उठो! बेटा भोर हो गई। कितनी देर तक सोएगी? मिन्नी की आँखें खुलीं, चहुँओर सन्नाटा छाया था। जो कुछ भी हुआ एक स्वप्न था। मिन्नी, मम्मी को गले लगाती हुई अपने पापा को याद कर सिसकियाँ भर–भर कर रोने लगी।

**कविता** | **पूजा गुप्ता**



## कुछ छोरियां

कुछ छोरियां...
नीरनिधि से निकली,
अमृत कुंभ होती हैं।
जहां भी छलक जाती हैं..
पुण्यस्थान बना देती हैं।

कुछ छोरियां.....
ब्रह्ममुहूर्त की रक्तिम आभा जैसी।
साथ होती है तो....
नई संभावनाओं को जन्म देती है,
राह को रोशनी कर देती है।

कुछ छोरियां अमरबेल होती है...
आलिंगनबद्ध कर लेती है।
पतझड़ हो या मधुऋतु....
हर पल साथ निभाती है।

कुछ छोरियां....
मधुर संगीत होती है।
छू लेती है मन को,
याद आती है बरसों।

कुछ छोरियां...
अमृत फल होती है।
बिखरा देती है रूप सुगंध...
चंचल कर देती है अंतर्मन।

**दोहे** | **अरुण कुमार कैहरबा**



## पर्यावरण के दूत

पर्यावरण की दूत है, जीवन का सम्मान।
गौरैया जो बची रही, इसमें सबका मान।।

प्यारे-प्यारे गीत हैं, चीं-चीं-चीं का गान।
उसके नर्तन पर करे, आंगन भी अभिमान।।

नन्हीं है आकार में, फिर भी बहुत महान।
इसके होने से रहती है पर्यावरण में जान।।

फसल उगाकर खेत में, इतराता इन्सान।
खाकर जिसे गौरया, हो गई लहुलुहान।।

जहर हवा में घुल रहा, हुआ फूहड़ शोर।
कैसे बचेंगे ऐसे में, गौरया और मोर।।

गौरैया जो ना रही, बचेगा नहीं इन्सान।
इन्सां ही कहलाएगा, सबसे बड़ा हैवान।।

आओ पुराने दौर को, फिर से करें साकार।
प्रकृति व पर्यावरण से, सबको ही हो प्यार।।

धरती व आकाश में, पंछी करें किलोल।
गौरैया के गान पर, सब नाचें दिल खोल।।

**युवा पीढ़ी के लिए वही सच है, जो दिखाया जा रहा है। आजकल की युवा पीढ़ी में साहित्य, लोक कला व संगीत में रुचि नहीं है, ऐसा भी नहीं लगता, बल्कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रदर्शनों की आई बाढ़ से उनमें संयम की कमी नज़र आती है। हमारे पौराणिक ग्रंथों की बातों को यदि रुचिकर माध्यम से युवाओं तक पहुँचाया जाए, तो सुधार की संभावना है।**

**साक्षात्कार** | **ओ.पी. पाल**

# युवा पीढ़ी की साहित्य और लोक कला में रुचि नहीं : डॉ. डेजी

साहित्य जगत में हरेक लेखक, साहित्यकार, कवि और लोक कलाकार अपनी संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए साहित्य संवर्धन करता आ रहा है। ऐसे ही साहित्यकारों में महिला साहित्यकार डा. डेजी 'मुदिता' ने एक शिक्षाविद् होने के बावजूद काव्य और लोक साहित्य लेखन के माध्यम से सामाजिक जीवन में अनसुलझी पहेलियों और समस्याओं को उजागर किया है। यही नहीं अंग्रेजी भाषा शिक्षण और महिला अध्ययन में उन्हें महारत हासिल है, जिसमें उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधपत्र भी प्रस्तुत हो चुके हैं। भारत-एशिया अध्ययन केंद्र और शिक्षण संस्थान केंद्र में लंबे समय तक सेवारत रही द्विभाषी कवयित्री, लेखिका और अनुवादिका एवं गर्ल्स कॉलेज, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां(सोनीपत) में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. डेजी 'मुदिता' ने अपने लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, उससे जाहिर है कि वह महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित हैं। डेजी का जन्म 28 दिसंबर 1970 को सोनीपत में एक शिक्षित परिवार में धर्मवीर सिंह व श्रीमती शांति देवी के घर में हुआ। उनके पिता सीआरए कॉलेज सोनीपत में रसायन विभागाध्यक्ष और सेवानिवृत्ति से पहले दो साल प्रिंसिपल भी रहे। वहीं उनकी माता भी सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका रही। उनके दादा भी उस जमाने के गणित शिक्षक रहे। शिक्षा जगत में खुद एसोसिसिएट प्रोफेसर डा. डेजी मुदिता तीसरी पीढ़ी है। खास बात ये रही कि उनके परिवार के सदस्य विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। यहां तक कि उनकी बड़ी बहन और बहनोई भी शिक्षक हैं। भाई खेल जगत से बीसीसीआई के साथ जुड़े रहते निजी व्यवसाय में है तो बेटा रैप गायकी व ऑनलाइन स्टार्ट-अप की तैयारी में है, इसलिए उनके परिवार में शिक्षा को सर्वोपरि रखा गया। बकौल डा. डेजी, उनके घर में अखबार और विभिन्न पत्रिकाएं आती थी, जिन्हें पढ़कर उनकी किशोर अवस्था में उपन्यास पढ़ने में रुचि हो गई। कविता का संचार उनके भीतर बचपन से ही था। किशोरावस्था में उनकी मुलाकात सहेली योगिता से हुई, जिनकी एक कविता अखबार में छपी थी, तो उसके मन में भी परिवार से छुपकर कुछ कविताएं लिखी, जिन्हें उसने अपनी सहेली के अलावा किसी अन्य से साझा नहीं की। जब वह नौवीं कक्षा की परीक्षाओं की तैयारी करते हुए जब उनका ध्यान चीटियों पर गया तो वह चंद कविताएं लिखने का उतावली हुई। बारहवीं कक्षा में अध्ययन के दौरान उनकी पहली कविता 'पल भर की आशा' कॉलेज की मैगजीन में छपी। हालांकि उनका असली साहित्यिक सफर तो उसी समय गतिमान हुआ जब वह चालीसवें बंसत में पहुंची। उस समय उनके मित्र व सहकर्मी रवि भूषण ने कहा था कि 'इंसान जिस भी विधा में स्वयं को बेहतर अभिव्यक्त कर सके, उसी में करना चाहिए। साहित्य लेखन के क्षेत्र में उनका पहला काव्य-संकलन 'आस' साल 2009 में प्रकाशित हुआ, उन्होंने कृति की पहली प्रति अपने माता-पिता को को देकर सरप्राइज दिया, जिसे देखकर वे बेहद खुश हुए। इसके बाद 'करवटें मौसम की' और कथा संग्रह 'कटघरे' साल 2017 में पाठकों के समक्ष आए। डा. डेजी का कहना है कि यदि 'साहित्य' को आप केवल प्रकाशित साहित्य की दृष्टि से देखेंगे तो ऐसा साहित्य के प्रति रुचि कम हो रही है, लेकिन इस परिवर्तनशील संसार में आज सत्य पर माध्यम हावी हो चुका है यानी अधिकतर लोग दृश्य-श्रव्य माध्यम से ही जीवन को भी आंकने लगे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

डा. डेजी 'मुदिता' की 14 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। उनकी प्रमुख पुस्तकों में भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण की पुस्तक 'हरियाणा की भाषाएं' नवीनतम कृति है। इसके अलावा उनके काव्य संग्रह–'आस' और 'करवटें मौसम की' के अलावा कथा संग्रह 'कटघरे' भी सुर्खियों में हैं। उन्होंने आधा दर्जन से ज्यादा पुस्तकें अंग्रेजी भाषा में भी लिखी हैं। पिछले दिनों ही हरियाणा की कवयित्रियों की श्रेष्ठ कविताओं एक एक काव्य संकलन 'घूप में चाँदनी' उनकी दस कवितायें प्रकाशित हुई थी।



डॉ. डेजी 'मुदिता'

### पुरस्कार व सम्मान

महिला साहित्यकार एवं कवयित्री डा. डेजी 'मुदिता' को ग्लोबल सोसाइटी ऑफ एजुकेशनल ग्रोथ की ओर से 'भारत शिक्षा रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। शिवयुवा शक्ति संघ के शिक्षक सम्मान के अलावा हरियाणा सरकार भी उन्हें गणतंत्र दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित कर चुकी है। कवयित्री के रूप में महिला काव्य मंच उन्हें काव्यात्मक प्रतिभा सम्मान से भी अलंकृत कर चुकी है। इसके अलावा विभिन्न साहित्य एवं सामाजिक मंच पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार पाने का सौभाग्य मिला है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ. डेजी 'मुदिता'
**जन्मतिथिः** 28 दिसंबर 1970
**जन्म स्थानः** सोनीपत (हरियाणा)
**शिक्षाः** बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), एमए, एम.फिल(ईएली), पीएच.डी।
**संप्रतिः** एसोसिएट प्रॉफ़ेसर (अंग्रेजी), स्वतंत्र काव्य व कथा लेखन

**लघुकथा** | **गोविन्द भारद्वाज**



## गृहस्थी का रथ

दिव्या तुम बड़े परिवार की इकलौती बेटी हो...भला तुम्हारे लिए रिश्ते की कोई कमी होगी...एक से बढ़कर एक रिश्ते आएंगे तेरे लिए। माँ ने दिव्यांग बेटी को समझाते हुए कहा।

'लेकिन माँ मैं सिर्फ ऐसे लड़के से शादी करूँगी...जो मेरे जैसा ही हो...वो भी दिव्यांग की श्रेणी में आता हो।' दिव्या ने स्पष्ट शब्दों में कहा।

'बेटी! ये क्या कह रही है तू?' मां ने आश्चर्य से पूछा।

'माँ मैं बिल्कुल ठीक कह रही हूँ, अगर मैं और मेरा पति एक जैसे होंगे..तो हम दोनों के बीच अक्षमता को लेकर कोई कुटिल विचार नहीं आएंगे। एक-दूसरे की भावनाओं को समझ सकेंगे।' दिव्या बोली।


तभी पड़ौस के घर से जोर-जोर से आवाजें आने लगी। 'देखो मैंने तुम से शादी करके तुम पर अहसान किया है...तुमने अपनी सूरत आइने में देखी है कभी।' पड़ौसी रोहित अपनी पत्नी पर चिल्लाते हुए कहा रहा था।

'हाँ...हाँ..मैं नहीं हूँ, तुम जितनी सुंदर, लेकिन मेरे बाप ने भी तुम्हें मुंह माँगी रकम दी थी, हरे-हरे नोटों के सामने तुम्हारी खूबसूरती फीकी पड़ गई थी, मेरे सामने।' रोहित की पत्नी ने भी पलट कर जवाब दिया।

दिव्या बोली, 'देख लिया न....अपने पड़ौस का हाल..क्या अब भी तुम।'

'ना मेरी बच्ची...तू जो कह रही है... बिल्कुल ठीक है। गृहस्थी के रथ के दोनों पहिए बराबर होने चाहिए।' माँ ने बेटी को गले लगाते हुए कहा।

**कविता** | **लवली आनंद**



## कैसे पी मन भाऊ री

पियर शरीर मोरा लाज से होइहे,
कैसे पी घर जाऊ री.......
देह मिलते सब बिसर गई मन,
देह त्यागें डर लागे री......1

लगी दामन में सौ रंग दाग के
अब कौन जतन से छुड़ाऊं री.....
हे सखी मोरा मन धक-धक होइहे,
कैसे पिया से नयन मिलाऊ री...

काम,क्रोध,लोभ,माया सखी जे होइहें,
फिर कैसे पी मन बस जाऊ री....
सुनु सखी मोरा पिया रुसल होइहें,
अब कौन से राग मैं गाऊँ री.....

सब रंग पटिया शरीर जे होइहें,
तो कृष्ण रंग कैसे मैं जानु री...
जो कृष्ण रंग मैं देखन होइहें,
फिर मोहे कोई और रंग न भायो री.

# विसंगतियों पर प्रहार संवेदनाओं की पुकार

**पुस्तक समीक्षा** | **आशा खत्री 'लता'**



संवेदनाओं की पुकार लघुकविता सँग्रह आशा विजय विभोर का दूसरा लघुकविता संग्रह है जिसमे 103 रचनाएँ संगृहीत हैं। कवयित्री ने प्रस्तुत कविताओं में समाज में, मानवीय व्यवहार में, व्यवस्था में, राजनीति में व्याप्त विसंगतियों पर डटकर कलम चलाई है।

कवयित्री ने जहाँ वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को सराहा है वहीं वे युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृति, बलात्कार, मजदूरों के शोषण, प्रकृति को नष्ट करने, नदियों को प्रदूषित करने, कला के नाम पर नग्नता, मांसाहार, बढ़ती महंगाई, प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, पर्यावरण प्रदूषण व अन्य अनेक सामयिक विषयों पर खुलकर कलम चलाई है।

**पुस्तक : संवेदनाओं की पुकार**
**लेखिका : आशा विजय विभोर**
**मूल्य : 300 रुपये**
**प्रकाशक : आनन्द कला मंच**

आशा जी एक संवेदनशील व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्हें मनुष्य का शोषण पीड़ा देता है तो वे पक्षियों की पीड़ा को भी अनुभव और व्यक्त करती हैं। वे मानव के पशु-पक्षियों के प्रति दोगले व्यवहार से कराह उठती हैं। 'गौ सेवा' कविता में उनका तेवर देखिये-

दूध और मक्खन खाकर
मानव का हृदय तृप्त हो जाता
मूत्र तुम्हारा बीमारियों को दूर भगाता
उपलों से तुम्हारे हवन करके
वतावरण शुद्ध हो जाता
खाद से तुम्हारी
पौधों में जीवन आता
फिर भी पंजीकृत बूचड़खानों में
तुम्हारी हत्या से होकर बेपरवाह
स्वांग गौ सेवा का रचा जाता।


आजकल मोबाइल का बोलबाला है। आशा जी ने ऑनलाइन सुविधाओं के साथ-साथ उनके नुकसान की तरफ भी ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। 'संवेदनाओं की पुकार' जिसके शीर्षक को पुस्तक का नाम दिया गया है में कवयित्री माँ की त्याग तपस्या के साथ-साथ बच्चों को माँ द्वारा त्याग दिए जाने की ज्वलंत समस्या पर भी लिखती हैं।

भाषा, सरल, प्रवाहमयी व सहज सम्प्रेषणीय है। आवश्यकतानुसार बात को प्रभावी ढंग से कहने के लिए मुहावरों का प्रयोग जैसे अपना उल्लू सीधा करना, अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना, आँखें बिछाना, आसमान से गिरा खजूर में अटका, दिल बाग-बाग हुआ, भी खूब किया गया है।

आवरण पृष्ठ आकर्षक है। शीर्षक को विषय अनुसार बिलकुल सही लिया गया है। 'अपनी बात' कहते हुए आशा विजय विभोर साथी साहित्यकारों का आभार प्रकट करती हैं। यह उनका बड़प्पन व सहृदयता है।

# ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या

**पुस्तक समीक्षा** | **विदर्भ कुमार**



सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' द्वारा रचित महाकाव्य कृति 'च्यवन चरित' के अध्ययन, मनन, और अनुशीलन के उपरांत निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'च्यवन चरित' कृति महाकाव्य के लक्षणों के आधार पर एक सफल प्रबंध महाकाव्य कृति है। यह भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अप्रतिम एवं प्रभविष्णु कृति है।

**पुस्तक : च्यवन चरित**
**लेखक : डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी**
**मूल्य : 750 रुपये**
**प्रकाशक : शतरंग प्रकाशन**

इसका कथानक बड़ा सरस, रोचक कौतूहलवर्धक एवं सन्देशप्रद है, जो भारतीय वाग्डमय के वैदिक ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या की गई है। डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' ने मूल कथा को मनोवैज्ञानिक आधार पर छन्द के माध्यम से बहुत प्रभावशाली तरीके से सरस शैली में चित्रित किया है तथा कथा से पूर्व समर्पण के रूप में माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की है।

डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' की कृति के मुख्य पात्र च्यवन ऋषि है। इसका उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि चारों पुरुषार्थों को दृष्टिगत रखते हुए मानव जीवन में सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की स्थापना करना है और त्याग के महत्व को प्रतिपादित करना है। इसमें शांत, शृंगार व करुण रस की प्रधानता है।

सबसे विशेष बात यह है कि इस पुस्तक का देशकाल और वातावरण कथानुरूप है। भाषा सरल, सुबोध, खड़ी बोली हिंदी है। बीच-बीच में तत्सम व तद्भव शब्दों का समावेश भी हुआ है । शैली सरस, चित्रात्मक और विश्लेषणात्मक है। अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग देखते ही बनता है, विशेष रूप से अनुप्रास, उपमा, रूपक, यमक, दृष्टांत, श्लेष, अतिशयोक्ति, पुनरुक्ति आदि का प्रयोग हुआ है। निष्कर्षतः जीवन में त्याग की उपादेयता को रेखांकित करती प्रबंध महाकाव्य कृति 'च्यवन चरित' भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव, शीर्षक, सन्देश, काव्य प्रयोजन, उद्देश्य एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अत्यंत उत्कृष्ट एवं उपादेय है।

यह पठनीय एवं संग्रहणीय काव्य कृति में प्रथम बार च्यवन ऋषि के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को एकाकार रूप में प्रस्तुत किया गया है। सुधीजनों एवं साहित्य जगत में यह अपना उल्लेखनीय स्थान बनाएगी, ऐसा मेरा ध्रुव विश्वास है। लेखक साधुवाद के पात्र हैं। शुभकामनाओं सहित।

## खबर संक्षेप



रोहतक। शिविर में आखों की जांच करते हुए डॉक्टर।

### श्री बालाजी धाम पर लगाया जांच शिविर

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को धाम पर स्वस्थ्य जांच शिविर, संकीर्तन व भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि डॉ. दिनेश ने आखों के मरीजों की जांच की और मरीजों को निशुल्क दवाई व चश्मे दिए। वहीं डॉ. योगिंद्र वत्स ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सर्दी, खांसी ,बुखार, पेट की समस्या के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद दवाईयां दी गई। डॉ. ऋतू ने दांतों के मरीजों का इलाज किया। डॉ. अमित जैन और डॉ. अनुज जैन ने मरीजों को एक्सासाइज़ करने के तरीकों के बारें में बताया।



### हरियाणा को देश का नम्बर वन राज्य बनाएंगे

**रोहतक।** पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के स्वागत समारोह का आयोजन महासिंह हुडडा व कृपा राम हुड्डा ने अपने निवास स्थान वन सीटी सेक्टर 37 में धूमधाम से किया। महीपाल ढांड़ा का मकड़ौली टोल पर लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद कारों के काफिले के साथ मंत्री को खुली जीप में ढोल-नगाड़े के साथ आयोजन स्थल तक लाया गया। मंत्री बनने के बाद यह उनका पहला रोहतक दौरा था।



### ओपीडी के समय बदलवाने की मांग

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने सोमवार को सांसद अरविंद शर्मा से मिलकर पीजीआईएमएस की ओपीडी के समय में बदलाव करने के लिए मांग पत्र सौंपा। चिकित्सक एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन व गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन द्वारा सामूहिक रूप से दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि यहां पूरे प्रदेश से मरीज आते हैं ऐसे में गर्मी के समय में उन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा ऐसे में ओपीडी के समय को दोबारा बदलकर सुबह 8 बजे से 2 बजे तक का किया जाए।

### कार्यशाला में ध्यान के फायदे बताए

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के शिवालिक छात्रावास में मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान कार्यशाला में रविवार को हार्टफुलनेस टीम से डॉक्टर वीरेंद्र फोगाट ने छात्राओं को ध्यान करने के फायदे बताए। डॉक्टर वीरेंद्र फोगाट व फूल सिंह ढाका ने अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अधिकारियों को मौके पर ही दिशा निर्देश दिए

# मंडल आयुक्त ने फसल खरीद का जायजा लिया

मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों से भी बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने आज जिला की कलानौर अनाज मंडी का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लिया। उन्होंने खरीद कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों से भी बातचीत की। मंडल आयुक्त में निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी व कर्मचारी किसानों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। कलानौर मंडी में खरीद कार्यों की रिपोर्ट देते हुए अधिकारियों ने मंडल आयुक्त को बताया कि कलानौर मंडी में फिलहाल सरसों की खरीद का कार्य चल रहा है।

खरीद हैफेड द्वारा की जा रही है और अब तक 1500 मिट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी फसल को सुखाकर मंडियों में लाएं और नमी की मात्रा 8 प्रतिशत से ज्यादा ना हो। मंडी अधिकारियों ने बताया कि जो किसान पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं वे गेट पास बनवाकर अपनी फसल को बेच सकते हैं। मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि नमी मापक मशीन तथा मापतोल मशीन सहित सभी यंत्र दुरुस्त हों। मंडी में किसानों को दी जा रही भोजन की सुविधा के बारे में भी मंडल आयुक्त ने रिपोर्ट प्राप्त की । मंडी अधिकारियों ने बताया कि सति भाई साईं सेवा दास सेवा समिति के सहयोग से मंडी में आने वाले सभी किसानों व मजदूरों को निशुल्क भजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।



रोहतक। कलानौर अनाज मंडी का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लेते रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ।

# परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें कठोरता से पालन करना चाहिए : आचार्य संतराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग का शुभारम्भ यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संतराम रहे। उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें कठोरता से पालन करना चाहिए एवं ऋषि-मुनि, महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयत्न करना चाहिए। इसके बाद महेंद्र सिंह आर्य, सत्यनारायण आर्य एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के भजनोपदेशक सत्यपाल मधुर ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु-भक्ति, देश-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानंद द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुंदर सन्देश दिया। वेदप्रचार मंडल प्रधान सुभाष सांगवान ने बताया कि हम सबको अपने महापुरुषों को याद करना चाहिए, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने स्वामी ओमानंद सरस्वती के उपकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलें। डॉ. राजवीर छिक्कारा ने स्वामी ओमानंद सरस्वती से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाये। उन्होंने गुरुकुल झज्जर के निर्माण की प्राचीन कहानी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह गुरुकुल आज आर्षपाठविधि का केंद्र है, जिनसे शिक्षा प्राप्त करके अनेक युवा विद्वान बनकर समाज के कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने हिन्दी आन्दोलन की भी चर्चा की। डॉ. राजवीर ने बताया कि स्वामी ओमानंद सरस्वती के संरक्षण में अनेक आंदोलन हुए।



रोहतक। दयानंदमठ में आयोजित मासिक वैदिक सत्संग में प्रवचन देते आर्य।

### स्वामी ओमानंद सरस्वती के आदर्शों को अपनाएं

मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. जगदीप आर्य (देहरादून) ने बहुत ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्धेश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम मानव जीवन से संबंधित अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी तथा साथ ही आत्मा से परमात्मा का संबंध क्या है, इस विषय पर भी चर्चा की। उन्होंने स्वामी ओमानंद सरस्वती के जीवन से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाए तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा। डॉ. जगदीप आर्य ने बताया कि मनुष्य अपने स्वभाव व प्रवृत्ति से अपना निर्माण करता है। उसकी जैसी प्रवृत्ति होगी उसका परिणाम उसी प्रकार से होगा। सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी उन्होंने प्रयास किया।

# पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने डॉ अरविंद शर्मा के लिए किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा के पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने गांव लाढौत व भैय्यापुर में घर-घर जाकर भाजपा के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ अरविंद शर्मा के पक्ष में वोट मांगें व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का प्रचार किया। लोगों ने पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा का जगह-जगह स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी को वोट देने काम वायदा किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व उनके सांसद पुत्र वोट लेने के बाद 5 वर्ष अपने चुनाव क्षेत्र में आते नहीं। सिर्फ चुनाव से 2 महीने पहले वह सक्रिय हो जाते है। वर्तमान सरकार ने बिना पर्ची व बिना खर्ची हरियाणा के युवाओं को हजारों सरकारी नौकरियां दी है जबकि हुड्डा सरकार के 10 वर्ष के शासनकाल में पर्ची व खर्ची का बोलबाला था।





रोहतक। हवन में आहुति डालते हुए आयोजक ।

### हवन की महिमा बताई

**रोहतक।** जय मां गायत्री यज्ञशाला रूपया चौक झज्जर बाईपास में हवन यज्ञ किया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने हवन की महिमा के बारे में बताया। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि गायत्री मंत्र के द्वारा हवन करने पर सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं। इसलिए मनुष्य को हवन में अपना योगदान करना चाहिए। इस मौके पर पंडित गोविंद वशिष्ठ, पंडित सुनील वशिष्ठ, एडवोकेट प्रवीण नारंग, कुलदीप शर्मा, सतीश पांचाल, दीपशिखा शर्मा, ईश्वर, रवि बुधवार, सुशील, रामगोपाल, महेंद्र पांचाल, जय भगवान, शशिकांत बुधवार आदि मौजूद रहे।

# सोनी समाज मिलन समारोह में समाजसेवियों को किया सम्मानित

- लोक सम्पर्क विभाग के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र वर्मा कोथ को महाराजा अजमीढ़ रत्न सम्मान एवं पगड़ी से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महाराजा अजमीढ़ सुनार जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में नूर गार्डन में वैदिक सनातन नववर्ष के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय सुनार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेवा में लगभग 100 उत्कृष्ट सुनार विभूतियों को सम्मानित किया गया। लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ को महाराजा अजमीढ रत्न सम्मान एवं पगड़ी से नवाजा गया। इस मंगल मिलन समारोह की अध्यक्षता वैद्य सत्यप्रकाश आर्य ने की और समाज को संगठित करने के आवश्यक टिप्स दिए। समारोह में महाराजा अजमीढ सुनार जन सेवा संस्थान प्रधान सुरेन्द्रपाल, महासचिव सुरेन्द्र वर्मा, उपप्रधान राजकुमार वर्मा, सह-सचिव राजेश वर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी, मैढ़ क्षत्राणी स्वर्णकार संघ हरियाणा की महिला अध्यक्ष डा नीलम वेद सोनी, डा जगदम्बे वर्मा, डा प्रीति वर्मा, भगवत प्रसाद, लखीराम,ताराचन्द वर्मा, राजकुमार उर्फ राजू खटकड़, सत्यनारायण सोनी, दयानन्द, कृष्ण महम, पानीपत मेयर सुरेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, जोगेन्द्र सोनी, जयप्रकाश वर्मा, मनमोहन सोनी, नाहरसिंह छछरोली, धर्मराज सोनी, डा वेदप्रकाश आर्य, मनोज वर्मा, रामकिशन वर्मा अलेवा आदि मौजूद रहे।

सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने कहा कि समारोह के माध्यम से सोनी समाज के सदस्यों को एक स्थान पर लाकर अपने विचारों, अनुभवों एवं उत्कृष्टता को सांझा करने का अवसर प्रदान हुआ।




रोहतक। राज्य स्तरीय सुनार मिलन समारोह में सम्मानित होते लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ व अन्य सोनी समाज के सदस्य।

### सरकार से की मांगें

मैढ क्षत्रीय स्वर्णकार धर्मशाला समिति रामराये जींद के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा ने विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सरकार से मांग की है कि सुनार समाज के लिए हरियाणा में 2024 के विधानसभा के चुनाव में दो सीटें देना सुनिश्चित करें। एमपी की तर्ज पर हरियाणा में स्वर्णकला बोर्ड या आयोग का गठन करने, स्वर्णकार समाज के लोगों को शस्त्र लाईसेंस के लिए आवेदन करने पर आसान प्राप्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने, केन्द्र की तर्ज पर नॉन क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने एवं पंचायती राज संस्थाओं-शहरी स्थानीय निकायों से लेकर लोकसभा तक सोनी समाज को भी उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई।

# किसानों ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

रविवार को रोहतक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा का भैणी सुरजन गांव में किसानों द्वारा विरोध किया गया। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए अरविंद शर्मा गांव में कार्यक्रम पूरा कर निकल गए। किसान गांव में सड़क पर उनके आने का इंतजार कर रहे थे। वे जैसे ही गांव में प्रवेश करने लगे तो ग्रामीणों ने विरोध किया। जहां पर कार्यक्रम रखा गया था, वहां चौपाल के बाहर भी काफी संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंच गए और कई देर तक हंगामा किया। इसी प्रकार सैमाण गांव में भाजपा की चुनावी जनसभा में एक किसान अपने संगठन का झंडा लेकर घुस गया। वह वहां पर विरोध करने लगा, तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए और उसकी आवाज को दबा दिया। कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करने वाले किसान को कुछ देर बाद कार्यक्रम से बाहर कर दिया।



महम। सैमाण गांव में भाजपा की चुनावी जनसभा में किसान संगठन का झंडा लेकर घुसे किसान को बाहर निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

# जरूरतमंदों को वितरित किया राशन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रोहतक सिटी फ्रैंड्स क्लब द्वारा रविवार को 105 जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज रहे। उन्होंने कहा कि रोहतक सिटी फ्रेंड्स क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहनीय की। उन्होंने कहा कि यह पुण्य का काम है। क्लब के प्रतिनिधि राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने स्वामी कपिल पुरी महाराज का आभार व्यक्त किया।

क्लब के सदस्यों ने बताया कि संस्था सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहती है। इस मौके पर क्लब के सदस्य सुरेंद्र सहगल, कुलभूषण आर्य, वेद छाबड़ा, राहुल अरोड़ा, हैप्पी गिरधर, लक्की चाबा, कृष्ण लाल शर्मा, संजय वर्मा, राजकुमार बब्बर, संजय परुथी, प्रवीण सहगल आदि मौजूद रहे।

# अन्य रोगों से बचाव के लिए दांतों को रखना होगा स्वस्थ : डॉ. पूर्णिमा

- कहा, दंत रोग से अन्य अंगों में संक्रमण होने की आशंका
- वरिष्ठ नागरिक क्लब में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

प्रत्येक नागरिक को दांतों के लोगों को गंभीरता से लेना चाहिए। दांतों की बीमारी से शरीर के अन्य अंगों पर भी दुष्प्रभाव पड़ने की प्रबल आशंका रहती है। यह बात पॉलीक्लिनिक सेक्टर-3 की दंत सर्जन डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा ने सेक्टर 3 रोहतक के वरिष्ठ नागरिक क्लब में आयोजित जागरूकता शिविर में कहीं। उन्होंने कहा कि दांतों की बीमारी का समय पर उपचार ने करवाने की स्थिति में दिल, फेफड़े, गुर्दे तथा लीवर की बीमारियां भी उत्पन्न हो सकती है। दंत चिकित्सक डॉ. सौरभ नारंग ने वरिष्ठ नागरिकों को दांतों की रखरखाव के लिए टिप्स दिए और बताया कि किस प्रकार से दांतों को बीमारियों से दूर रखा जा सकता है। तंबाकू के सेवन के नुकसान व मुख कैंसर के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में हैप्पी टीथ-हैप्पी लाइफ का स्लोगन दिया गया। इस शिविर में करीब 100 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और सभी के दांतों की जांच करके उन्हें निशुल्क टूथब्रश व टूथपेस्ट वितरित किए गए। इसी प्रकार से राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 3 में भी दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यार्थियों व स्टाफ को दांतों को स्वस्थ रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्या बाला देवी, वरिष्ठ नागरिक क्लब के प्रधान इंद्र सिंह, करतार सिंह हुड्डा, सूरजमल, धर्मवीर, रामनिवास, राजेंद्र सिंह गुप्ता, रणधीर सिंह मलिक, सतवीर, नवल, प्रेम खत्री, करण देशवाल, छोटेलाल नांदल आदि रहे।



# जन सेवा संस्थान में मनाया गया वार्षिकोत्सव



रोहतक। वार्षिक उत्सव व परितोषिक वितरण समारोह में छात्रों को किया सम्मानित।

**रोहतक।** जन सेवा संस्थान निःशुल्क पब्लिक स्कूल में संस्थान का वार्षिक उत्सव व परितोषिक वितरण समारोह मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे व मेयर मनमोहन गोयल ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश नागपाल, साहिल अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने पढ़ाई में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले व खेलों में अव्वल पोजीशन पाने वालों को शील्ड व मैडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने अपने संम्बोधन बच्चों की कड़ी मेहनत, लग्न के साथ जीवन में ऊंचे पदों पर जाने का आशीर्वाद दिया। संस्थान की जींद, गोहाना, बहादुरगढ़, पानीपत शाखाओं से भी अनेक कार्यकर्ता पधारे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश जैन ने संस्थान को लिफ्ट प्रदान की। स्वामी डॉ परमानंद ने राजेश जैन का धन्यवाद करते हुए उन्हे भामाशाह की उपाधि प्रदान की।

# संकट मोचन मंदिर में मनेगा नवरात्र महोत्सव

- कलश स्थापना मंगलवार को, दुर्गा स्तुति पाठ, प्रवचन व आरती होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन साध्वी गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक श्रद्धा, भक्तिभाव और हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे। भक्तों ने रविवार को मां शेरावाली के दरबार की विशेष साज-सज्जा की और श्रृंगार, साफ-सफाई तथा रंगबिरंगी लाइटों व फूल-मालाओं से सजाया। मंगलवार को कलश स्थापना व खेतरी बिजी जाएगी। घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 2 मिनट से सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक तथा घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। निरंतर नौ दिन तक चौबीस घंटे मां की ज्योत जलेगी, अखंड पाठ होगा व प्रतिदिन दुर्गा स्तुति का पाठ और गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन होंगे।



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष्य में जगदंबा मां के दरबार की साज सज्जा करती साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन।

### मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर जाएंगी

साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। पूरे भारत वर्ष में यह उत्सव शुरू हो रहा है। हर वर्ष नवरात्रि के समय तिथि के अनुसार माता विभिन्न वाहनों पर सवार होकर धरती पर आती हैं, इस बार मंगलवार को माता अश्व यानी घोड़े पर सवार होकर आएंगी जो आपदा और सत्ता परिवर्तन का संकेत है और हाथी पर सवार होकर जाएंगी जो कि खुशियाली, हरियाली, तरक्की का प्रतीक है। मानश्वरी देवी ने कहा कि नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना करने व व्रत रखने से मनुष्य के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

# जाट महासभा रोहतक में नौ माह से चल रहा घमासान

## निवर्तमान प्रधान मेजर चंद्र सिंह और एक अन्य पदाधिकारी आज करेंगे बड़ा खुलासा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक



जाट महासभा रोहतक को लेकर बीते नौ महीने से घमासान मचा हुआ है। इसी बीच ही गत 21 मार्च को जाट महासभा की कार्यकारिणी का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया। लेकिन इससे पहले चुनाव नहीं करवाए जा सके। वजह थी कि जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने कॉलेजियम चुनाव प्रोग्राम रद कर दिया। सभा के आजीवन सदस्यों के आरोप थे कि कॉलेजियम बनाने में प्रधान मेजर चंद्र सिंह ने व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियां की हैं। इन्होंने अपने गांव बपूनिया के कॉलेजियमों को इस हिसाब से बनाया कि ताकि ये खुद और इनके चेहते कॉलेजियम चुनाव जीत जाएं।

बताया जा रहा है कि बपूनिया कॉलेजियम को अंबाला जिले से जोड़ा गया था। जो कि सोसायटी एक्ट के मुताबिक सही नहीं था। बपूनिया के अलावा दूसरे कॉलेजियम को लेकर भी आजीवन सदस्यों ने सवाल खड़े किए थे। पिछले दिनों करीब 30 ऑब्जेक्शन प्राप्त हुए थे। इनको अब दूर किया जा चुका है। सोसायटी एक्ट में प्रावधान है कि कॉलेजियम भौगोलिक स्थिति के आधार पर बनाए जाएंगे। यानि के एक कॉलेजियम को दूसरे के साथ लगाकर क्रम बढ़ाया जाएगा। लेकिन प्रधान ने ऐसा नहीं किया।

### ...प्रधान पर सवाल

कॉलेजियम को लेकर प्रधान मेजर चंद्र सिंह पर जो आरोप आजीवन सदस्यों ने लगाए थे, वे प्रथम दृष्टा सही पाए गए तो जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने इलेक्शन रद किया। इसके बाद दोबारा से कॉलेजियम बनाने की प्रक्रिया रजिस्ट्रार के आदेश पर शुरू हुई। ये काम अब पूरा हो चुका है। सोमवार को कॉलेजियम की फाइनल लिस्ट जारी होगी। जिस मेजर चंद्र सिंह पर कॉलेजियम में गड़बड़ी करने के आरोप थे, वे ही सोमवार को एक अन्य पदाधिकारी के साथ सभा भवन में मीडिया से बातचीत करेंगे। इसके लिए बकायदा निमंत्रण भेजा गया है।

### ...जमा करवाया पैसा

बताया जा रहा है कि इसमें अप्रत्यक्ष रूप से उस पदाधिकारी का नाम बताया जाएगा, जो महासभा में भूचाल लाने के लिए जिम्मेदार माना जाता है। ध्यान रहे कि गत 15 जुलाई को महासभा की बैठक में एक पदाधिकारी को उनके द्वारा अभद्रता करने के आरोप में पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उसके बाद महासभा को लेकर जिला सोसासटी रजिस्ट्रार को लिखित में शिकायतें भेजी।

### रिकवरी की

इसी बीच महासभा के करीब 10 लाख रुपये एक कारिंदे ने अपने खाते में जमा करवा लिए। इस कर्मचारी पर महासभा के कमरों की बुकिंग की जिम्मेदारी थी। मामले की जांच करवाई गई और उनसे रिकवरी की।

### मिट्टी की भरत करवाने में धांधली की



प्रधान मेजर चंद्र सिंह ने कॉलेजियम बनाने में गड़बड़ी की। मैनेजर ने महासभा का पैसा अपने खाते में जमा करवाया। ऐसे में ये कैसे हो सकता है कि पूर्व महा सचिव सुभाष काद्यान पीछे रहते। इन्होंने महासभा के पैसों में वित्तीय धांधलियां की। तभी तो सभा ने इनसे करीब 22 हजार वसूले। बताया जा रहा है कि महासभा भवन के साथ पड़ी खाली जमीन की भरती करने में इन्होंने गड़बड़ियां की।

### कोषाध्यक्ष पर खड़े किए सवाल

महासभा के पूर्व महा सचिव सुभाष काद्यान ने कहा कि क्या कोई कर्मचारी प्रधान मेजर चंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष यूएस फोगाट की बिना मदद बिना महासभा के 10-12 लाख रुपये अपने खाते में जमा करवा सकता था। इन्होंने कहा कि दोनों पदाधिकारियों की मिलीभगत से ही कर्मचारी ने गड़बड़झाला किया था। काद्यान ने कहा कि सभा में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। जिस व्यक्ति ने महासभा में केंटीन खोली हुई है, उसी को ही रात की ड्यूटी करने के लिए मैनेजर लगा गया। जोकि गलत है। कॉलेजियम बनाने में मेजर चंद्र सिंह ने गड़बड़ियां की थी तो ही जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने कॉलेजियम चुनाव प्रोग्राम को रद किया।

## खबर संक्षेप

### बीजेपी-जेजेपी पार्टी के प्रति लोगों में रोष : खत्री

**सांपला।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास खत्री ने कहा कि बीजेपी सरकार व उसकी सहयोगी रही जजपा पार्टी के प्रति लोगों में रोष है। वे रविवार को युवाओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। हर आदमी अपने आप को असुरक्षित समझ रहा है। वहीं किसानों को फसल बेचने में दिक्कत आ रही है तो बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। बढ़ती महंगाई लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रही है, लेकिन सत्ता में चुर भाजपा सरकार पर इसका कोई असर नहीं।

### योग करने से शरीर रहता स्वस्थ : अहलावत

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कन्या छात्रावास में रविवार को योग व प्राणायाम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। योग अध्यापक नरेश अहलावत ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। विद्यार्थी नियमित योग अभ्यास व प्राणायाम के द्वारा अनेक बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। उन्होंने योग व प्राणायाम के महत्व के बारे भी बताया। प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने भी विद्यार्थियों को बताया कि प्राणयाम के नियमित अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता में वृद्धि होती हैं।



**महम।** शिवानंद आश्रम खेड़ी महम में रोगियों के लिए फल भेंट करते मानव उत्थान सेवा समिति सदस्य।

### मानव उत्थान सेवा समिति सदस्यों ने बांटे फल

**महम।** मानव धर्म का प्रचार कर रहे सतगुरु सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति शाखा महम की ओर से खेड़ी महम के शिवानंद धर्मार्थ औषधालय में रोगियों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवती बाई ने की। माता राजेश्वरी देवी की जयंती के उपलक्ष्य में 70 रोगियों को फल भेंट किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सदभावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव सेवा दल रोहतक ने भी सहयोग किया।



**रोहतक।** शीला बाईपास स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम में कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ के दौरान एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, संध्या जैन ,बाबा कर्णपुरी,बहन वंदना व रीटा शर्मा । फोटो : हरिभूमि

# ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय के संस्थापक के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- ब्रह्मकुमारी आश्रम से उपस्थित बहन वंदना ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया
- बतौर मुख्यातिथि सांसद डॉ अरविंद शर्मा और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन पहुंचे

शहर के लिबर्टी सिनेमा घर में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के जीवन पर आधारित एक एनिमेटेड मूवी दिखाने का आयोजन शीला बाईपास स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पधारे सांसद डॉ अरविंद शर्मा, सांसद रीता शर्मा, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, संध्या जैन व बाबा कर्णपुरी ने द्वीप जला कर किया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से उपस्थित बहन वंदना ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उसके बाद सभी अतिथियों ने फिल्म देखी व फिल्म को सराहा। राजेश जैन ने इस मूवी को बहुत ही प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी स्वप्न डिजिटल इंडिया का इतना प्रचार व प्रसार हो रहा है जिसकी वजह से समाज को दिशा व प्रेरणा देने वाली फ़िल्में बन रही हैं। वहीं अरविंद शर्मा ने भी मूवी को लोगों को प्रेरित करने के लिए अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद मोदी के प्रयासो से ही देश डिजिटल क्षेत्र में इतनी उन्नति कर रहा है। उन्होंने आयोजन में आमंत्रित करने के लिए ब्रह्मकुमारी आश्रम की संचालन समिति का धन्यवाद किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बहन कुसुम, बहन उमा, अमरजीत, राजीव, सन्नी निझावन, शीतल व भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# समाज में बढ़ रहे अवसाद के कारणों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** व्याख्यान कार्यक्रम को सम्बोधित करते भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर।

मदवि के चौधरी रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के पूर्व दिवस पर आत्महत्या के सामाजिक पर्यावरणीय कारणों पर विशेष व्याख्यान का आयोजित किया गया। राजस्थान से प्रतिष्ठित समाजशास्त्री डॉ. ऋतु सारस्वत ने इस कार्यक्रम में मुख्य व्याख्यान दिया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने इस विशेष व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि मन की बात की साझेदारी अवश्य करें।

सोशल कनेक्टिविटी के महत्व को इन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया।विशेषज्ञ वक्ता डॉ. ऋतु सारस्वत ने कहा कि व्यक्तिगत परेशानियां, रिलेशनशिप मामले, आपसी विश्वास कमी, मनमुटाव आदि आत्महत्या का कारण बनते जा रहे हैं। समाज में बढ़ रहे तनाव-अवसाद के कारणों की चर्चा करते हुए ऋतु सारस्वत ने कहा कि जरूरत है कि आज पारिवारिक जुड़ाव बेहद जरूरी है।निदेशिका सीआरएसआई प्रो. सोनिया मलिक ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि जरूरत है कि आत्महत्या की प्रवृत्ति रोकने के लिए मनोवैज्ञानिक पहल जरूरी है। आभार प्रदर्शन डा. नीरजा अहलावत ने किया। मंच संचालन प्राध्यापिका डा. महक डांगी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण, हास्टल वार्डन, सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

# नवरात्रों में नहरों में सामान नहीं डालने को करेंगे प्रेरित

- सुनो नहरों की पुकार मिशन चलाएगी विशेष मुहिम

**रोहतक।** नहरों में कुछ भी सामान नवरात्रों में या बाद में प्रवाहित ना करने के लिए जन-जन को जागरूक करने के लिए रोहतक में स्थित नहरों के पुलों पर सुनो नहरों की पुकार एसोसिएशन द्वारा 9 अप्रैल 2024 से विशेष मुहिम चलाई जाएगी। मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजन कर निर्णय लिया गया कि नवरात्रों के पर्व पर नहरों के पुलों पर लोगों को सामाजिक संस्थाओं और विद्यार्थियों के साथ मिलकर जागरूक करेंगे। मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह और संरक्षक दीपक छारा ने बताया कि नवरात्रों के अष्ठमी और नवमी के दिनों में श्रद्धालु विभिन्न प्रकार का श्रृंगार व माता रानी से जुड़ा हुआ सामान व प्रसाद, प्लास्टिक की थैलियां नहरों में प्रवाहित कर देते हैं। इसके अलावा कुछ श्रृंगार की वस्तुएं पैकेट रूप में सिंदूर, शीशा, कंघी, मेहंदी, चूड़ियां, काजल, बिंदी व अन्य श्रृंगार का सामान व विभिन्न प्रकार की तस्वीरें व मूर्तियां प्रवाहित कर देते हैं। जिससे ये चीजें पानी में घुलकर कई प्रकार का कैमिकल प्रदान करती हैं जिससे कई जलजनित बीमारियां होती हैं। रोहतक तथा आसपास के जिलों में जमीनी पानी समाप्त हो चुका है और पीने के योग्य नहीं बचा है। पेयजल के रूप में नहरों का पानी ही हम प्रयोग करते हैं।

# अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकारः डॉ. बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएमओ डॉ. अनिल बिरला का स्वागत करते हुए फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश दुरेजा व प्रो. अंजू धीमान।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा यूथ रेड क्रॉस समिति के सहयोग से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। माय हेल्थ, माय राइट विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. अनिल बिरला ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. अनिल बिरला ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और स्वस्थ रहने तथा स्वास्थ्य बारे समाज में जागरूकता की अलख जगाने की बात कही।

फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश दुरेजा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की थीम पर प्रकाश डाला। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान ने आभार जताया। इस अवसर पर स्लोगन राइटिंग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूटीडी के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिकेश कुलदीप के एमडी कुलदीप मित्तल को स्मृति चिंह देते माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाल संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिकेश कुलदीप के एमडी कुलदीप मित्तल रहे तथा उन्होंने इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। गोबिंद राम सिंघल ने ट्रस्ट के छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा बच्चों के आने वाले भविष्य की अच्छी कामना करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया। उसके पश्चात कयान मित्तल ने हिन्दू-मुस्लिम एक समान बताते हुए कविता सुनाई। इस कार्यक्रम में ओउम शंति से राहुल तथा ऊमा दीदी भी उपस्थित रही।

राहुल ने बताया कि बच्चे ही हमारे देश का आने वाला भविष्य है। तथा बच्चों का मार्गदर्शन किया। ऊमा दीदी ने ट्रस्ट के चेयरमैन हरिप्रकाश गुप्ता के बारे में बताया कि जो व्यक्ति दूसरों को अपना बच्चा मानकर उन्हें आने वाले भविष्य की ओर अग्रसर करता है उस व्यक्ति को महान आत्मा तथा संत आत्मा कहते है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन भी यहां उपस्थित रहे ओर उन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मेसी का सम्मेलन




**रोहतक।** एसोसिएशन गवर्नमेंट फ़ार्मेसी अधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन रविवार को एक निजी बैंक्वेट में आयोजित किया गया। इस दौरान हरियाणा के सभी ज़िलों से आये फ़ार्मेसी अधिकारियों की सर्वसम्मति से जनरल सेक्रेटरी अनिल झावरी ( भिवानी), कोषाध्यक्ष ईश्वर दत्त (गुरुग्राम) को बनाया गया। रोहतक ज़िला एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र शर्मा आदि ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर अनिल हुड्डा, प्रमोद नांदल, पूजा, अरविंद हुड्डा, नरेन्द्र धनखड, अनिल परमार, नरेश, सोहन लाल कंसल, रवींद्र चोपड़ा, कृष्ण जांगड़ा, अभय राम, राजेश सिंगला आदि मौजूद रहे।

# हुड्डा जब मुख्यमंत्री थे तो, युवाओं को कैसे मिलता था रोजगार, दीपेंद्र दें जवाबः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** महम के एक गांव में आयोजित जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते सांसद अरविंद शर्मा।

भाजपा सांसद एवं रोहतक लोकसभा प्रत्याशी डॉ अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा से सवाल पूछते हुए कहा कि वे हरियाणा की राजनीति में 10 साल मुख्य रूप से रहे हैं। दीपेंद्र बता सकते हैं कि उनके पिता भूपेंद्र सिंह हुड्डा जब मुख्यमंत्री थे तो, युवाओं को रोजगार कैसे मिलता था और नौकरी लगती थी तो कितना भ्रष्टाचार उसके अंदर होता था। उन्होंने कहा कि आज वे लोग ईमानदारी से नौकरी देने की बात कर रहे है, उन्हें शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कई गुटों में बटी हुई है और जो लोग किसी मुद्दे पर एक साथ नहीं बैठ सकते वो लोग प्रदेश को क्या दिशा देंगे। कांग्रेस झूठ का सहारा लेकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है, इस झूठ को अब बिकने नहीं देंगे। सांसद ने कहा कि जनता के जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस बार वे डेढ़ लाख से अधिक वोटों से विजय श्री हासिल करेंगे, जिसे रोहतक लोकसभा क्षेत्र की जनता ने यह तय कर लिया है। भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने रविवार को महम विधानसभा क्षेत्र के गांव गंगानगर, खेड़ी, फरमाणा, भैणी चंद्रपाल, बेड़वा, सैमाण, भैणी सुरजन, भैणी मातो सहित अन्य कई गांव में जनसंपर्क कार्यक्रम में शिरकत की। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास पर पार्टी काम कर रही है। देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर अटल विश्वास है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### चबूतरे पर पहनाई पगड़ी, किया स्वागत

# सुभाष नंबरदार बने चौबीसी सर्वखाप पंचायत प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** चौबीसी सर्वखाप पंचायत के नवनियुक्त प्रधान सुभाष नंबरदार का पगड़ी व फूलों की माला पहनाकर स्वागत करते क्षेत्रवासी।

रविवार को महम में चौबीसी चबूतरे पर एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता मास्टर हीरा सिंह ने की। पंचायत में खाप प्रधान मेहर सिंह नंबरदार के निधन के बाद रिक्त पद को भरने पर विचार विमर्श किया गया। रिटायर्ड हैडमास्टर रणबीर सिंह गोयत ने सुभाष नंबरदार के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया और उनके नाम का अनुमोदन किया गया।

सुभाष नंबरदार मेहर सिंह नंबरदार के बेटे हैं और खाप परंपराओं की अच्छी खासी जानकारी रखते हैं। नवनियुक्त प्रधान को चौबीसी चबूतरे पर पंचायतियों ने पगड़ी पहनाई और फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

नियुक्ति के बाद नए प्रधान ने चौबीसी चबूतरे पर दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौबीसी खाप के नवनियुक्त प्रधान सुभाष नंबरदार ने कहा कि समाज और भाईचारे ने उनको जो जिम्मेवारी दी है, वे उसको पूरी निष्ठा से निभाएंगे। सभी को आश्वासन देते हैं कि जो ये पगड़ी उनको आज पहनाई गई है वे इस पगड़ी की मान मर्यादा को निभाएंगे वे इसको किसी के आगे झुकने नहीं देंगे।

सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए वे भरसक प्रयास करेंगे। नशे को खत्म करने के लिए खाप पंचायत काम करेगी। कहा कि उनके लिए यह गर्व की बात है कि उसके जैसा एक साधारण इंसान को समाज ने इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लग्न से निभाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महम नगर पालिका पार्षद विकास श्योराण, सैमाण तपा के प्रधान हुकम सिंह, निंदाना तपा प्रधान सुरजमल, बहलबा तपा प्रधान बलजीत राठी, महम तपा प्रधान महाबीर गोयत, मुंढाल तपा प्रधान दिलावर सिंह, लाखन माजरा तपा प्रधान दलबीर उर्फ काला मुंडिया, चौबीसी सर्वखाप पंचायत के संरक्षक बलवंत आर्य, महासचिव रामफल राठी व प्रवक्ता कृष्ण बड़ाली समेत इलाके के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# गांव दुजाना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रोहतक।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में गांव दुजाना में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर का संचालन श्री राम मंदिर ट्रस्ट पंजाबी धर्मशाला के पदाधिकारियों ने पीएचसी दुजाना व पीजीआईएमएस के डॉक्टरों के साथ मिलकर किया । इस बार के विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम "मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार"रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में पीजीआईएमएस के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ. नीलम कुमार व प्रो. डॉ विनोद चायल द्वारा विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया । शिविर में मेडिकल सर्विस सेंटर के 25 विद्यार्थियों की टीम की अगुवाई डॉ. प्रियंका सैनी, डॉ रोहित शर्मा व डॉ सचिन शर्मा ने की। मेडिकल सर्विस सेंटर के सदस्यों ने डीघल व बेरी में कार्यरत पीजीआईएमएस के इंटर्न्स के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर में बढ़ चढ़कर शिविर की बागडोर संभाली। शिविर में मेडिसिन, नेत्ररोग, फिजियोथैरेपी आदि विभाग के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। स्वास्थ्य शिविर में पीजीआईएमएस रोहतक के इंटर्न डॉक्टरों द्वारा नुक्कड़ नाटक करके एड्स के बचाव की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान 300 से अधिक ग्राम वासियों ने आकर स्वास्थ्य शिविर में जांच परामर्श व दवाइयों का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ गुलशन पीएचसी प्रभारी व अन्य पीएचसी स्टाफ सुनील सैनी व रोहित कुमार उपस्थित रहे।